# हिन्दी

## (दूर्वा)(पाठ 13)(कपड़े की दुकान्)
## (कक्षा 6)

**प्रश्न 3:**

नमूने के अनुसार लिखो

झूठ मत बोलो। — आप झूठ मत बोलिए।

**उत्तर 3:**

1. कच्चे आम मत खाओ। — आप कच्चे आम मत खाइए.।

2 तुम अंदर मत आओ। — आप अन्दर मत आइए।

3. तुम यहाँ मत बैठो। — आप यहॉ मत बैठिए।

4. कक्षा में शोर मत करो। — आप कक्षा में शोर मत करिए।

5. कूड़ा इधर–उधर मत फेंको। — कूड़ा इधर–उधर मत फेंकिए।

**प्रश्न 4:**

कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो ।

धन्यवाद, सिर्फ, नमस्ते, परसों, चिंता

**उत्तर 4:**

1. रसूल ने कहा, नमस्ते विनोद भाई, आइए।
2.. दीपावली का त्योहार कल नहीं परसों है।
3. मोहन चिंता न करो, हम तुम्हारे जन्मदिन पर जरूर आएँगे।
4.. कोई तुम्हारी मदद करे, तो कहना चाहिए – धन्यवाद
5. मुझे शरबत नहीं, सिर्फ ठंडा पानी दीजिए।

**प्रश्न 5:**

नमूने के अनुसार वाक्य बदलो

**नमूना**

यह पत्र अभी भेजो। — वह पत्र कल भेजना।

**उत्तर 5:**

1.. यह काम अभी करो — यह काम कल करना ।
2.. ये फल अभी खाओ — यह फल कल खाना ।
3.. यह पाठ अभी पढ़ो — यह पाठ कल पढ़ना ।
4.. वे चीजें अभी लाओ — वे चीजें कल लाना ।

**प्रश्न 6:**

नमूने के अनुसार वाक्य बदलो ˙

**क.**

**नमूना**

सलमा के पास किताब नहीं है। सलमा को किताब चाहिए।

**उत्तर 6:**

**क:**

1. अमर के पास पैंट नहीं है। अमर को पैंट चाहिए ।
2. शोभा के पास घड़ी नहीं है। शोभा को घड़ी चाहिए।
3. गोपालन के पास कैमरा नहीं है। गोपालन को कैमरा चाहिए ।
4. आशा के पास कलम नहीं है। आशा को कलम चाहिए ।

**ख.:**

**नमूना**

पिता जी को गरम चाय चाहिए। पिता जी को गरम चाय दीजिए।

**ख:**

1.. सुधा को किताब चाहिए। सुधा को किताब दीजिए ।

2. लड़कों को फुटबाल चाहिए। लड़कों को फुटबाल दीजिए ।

3.. मुझे ताजे फल चाहिए। मुझे ताजे फल दीजिए ।

**प्रश्न 7:**

प्रश्नों के उत्तर दो ।

**1.**

कपड़े खरीदने कौन–कौन गए ?

**उत्तर 1.**

कपड़े खरीदने अमर उसके माता–पिता और उसकी बहन गए ।

**2.**

दुकानदार का नाम क्या है ?

**उत्तर 2**

प्रश्न गलत है । पाठ में दुकानदार का नाम नहीं बताया गया है । पाठ में पिता का नाम बताया गया है ।

**3.**

दुकानदार ने कैसे कपड़े दिखाए ?

**उत्तर 3**

दुकानदार ने बढ़िया और नए–नए डिजाइन के कपड़े दिखाए ।

**4.**

माँ को सूट का कपड़ा क्यों पसंद नहीं आया?

**उत्तर 4**

सूट का रंग अच्छा था मगर कपड़ा नहीं था इसलिए मॉ को सूट का कपड़ा पसंद नहीं आया ।

**5.**

दीवाली पर अमर को क्या चाहिए?

**उत्तर 5**

दीवाली पर अमर को कपड़े चाहिए ।